PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Friday 27th November 2015, Page: 9
Width: 4.23 cms, Height: 8.97 cms, a4, Ref: pmin.2015-11-27.35.104

# डायबिटीज की आयुर्वेदिक दवा जल्द

**नई दिल्ली।** मधुमेह की आयुर्वेदिक दवा जल्द ही बाजार में आ सकती है। आयुर्वेद दवा बनाने वाली एमिल फार्मास्युटिकल्स ने ऐलान किया है कि वह वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की दो प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित मधुमेह की दवा को जल्दी ही देश भर में लांच करेगी। कंपनी ने इस दवा पर बड़े निवेश की तैयारी की है।

सीएसआईआर एवं एमिल की तरफ से प्रगति मैदान में लगे व्यापार मेले में इस दवा को प्रदर्शित किया गया। इसमें बड़े पैमाने पर लोगों की प्रतिक्रिया आई है। लखनऊ स्थित सीएसआईआर की प्रयोगशालाओं सीमैप एवं एनबीआरआई ने बीजीआर-34 नामक दवा बनाई।

Ayurvedic medicine for diabetes to be launched soon

miscellaneous